अनिवार्य प्रतिबंध

COVID-19 की स्पाइक को रोकने और स्वास्थ्य प्रणाली की सुरक्षा के लिए एल्बर्टा में अनिवार्य जनस्वास्थ्य दिशा-निर्देश लागू हैं।

अवलोकन

पूरे प्रांत-भर में अनिवार्य जनस्वास्थ्य प्रतिबंध प्रभावी हैं। प्रत्येक 100,000 लोगों के लिए कम से कम 50 मामलों और न्यूनतम 30 सक्रिय मामलों की ऊँची दर वाले समुदायों के लिए अतिरिक्त प्रतिबंध लागू हैं। कम सक्रिय मामलों वाले समुदायों को सभी प्रांतव्यापी प्रतिबंधों का अनुपालन जारी रखना चाहिए।

ये प्रतिबंध कम से कम 3 सप्ताहों के लिए लागू रहेंगे, चाहे किसी समुदाय में मामलों की संख्या सीमा से नीचे भी चले जाएँ।

अपने क्षेत्र में सक्रिय मामलों की दर देखें।

जनसमूह

इनडोर जनसमूह

सभी इनडोर सामाजिक जनसमूहों पर प्रतिबंध है।

- अकेले रहने वाले व्यक्ति और 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों के साथ रहने वाले एकल माता या पिता इन प्रतिबंधों के दौरान मेल-मिलाप करने जाने के लिए दो लोगों का चयन कर सकते हैं।

आउटडोर जनसमूह

घर से बाहर के सभी जनसमूहों में कोई भी इनडोर घटक नहीं होना चाहिए और उपस्थितगण की संख्यासीमा:

- अधिक मामलों वाले क्षेत्रों में अधिकतम 5 व्यक्ति है
- कम मामलों वाले क्षेत्रों में अधिकतम 10 व्यक्ति है

विवाह और अंतिम संस्कार

- विवाह और अंतिम संस्कार के रिसेप्शन की मनाही है।
- विवाह समारोह अधिकतम 10 व्यक्तियों तक सीमित हैं।
- अधिक मामलों वाले क्षेत्रों में अंतिम संस्कार सेवाएँ अधिकतम 10 लोगों तक और कम मामलों वाले क्षेत्रों में अधिकतम 20 लोगों तक सीमित है।

उपासना स्थल

सभी उपासना स्थलों में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने वाले लोगों की संख्यासीमा निम्नलिखित है:

- मामलों की अधिक संख्या वाले क्षेत्रों में अधिकतम 15 उपस्थितगण
- मामलों की कम संख्या वाले क्षेत्रों में अग्नि संहिता उपस्थिति का 15%
- मास्क पहनना अनिवार्य है
- किसी एक घर-परिवार से आने वाले लोगों को अन्य घर-परिवारों के लोगों से दो मीटर की दूरी पर रहना अनिवार्य है।

मास्किंग

- सभी इनडोर सार्वजनिक स्थानों, कार्यस्थलों और उपासना स्थलों में मास्क पहनना अनिवार्य हैं।

कार्यस्थल संक्रमण की रोकथाम

- यदि कार्य-नियोक्ता प्रभावी ढंग से काम करने के लिए कर्मचारी की शारीरिक उपस्थिति को आवश्यक न बनाए, तो पूरे प्रांत-भर में घर से काम करना अनिवार्य है।
- अधिक मामलों वाले क्षेत्रों में 3 या इससे अधिक संक्रमण मामलों वाले सभी कार्यस्थलों को 10 दिनों के लिए बंद करना अनिवार्य है। इसमें कार्य शिविरों तथा अनिवार्य और महत्वपूर्ण सेवाओं के लिए अपवाद है।

©2018 एल्बर्टा सरकार | प्रकाशित: मई 2021
Classification: Protected A

व्यवसायों पर प्रतिबंध

मनोरंजन सुविधाएँ

- पूरे प्रांत-भर में मनोरंजन सुविधाओं को बंद करना अनिवार्य है। इनके उदाहरणों में थिएटर, कैसिनों, नाइटक्लब, संग्रहालय और पुस्तकालय शामिल हैं।
- वर्तमान में अनुमत गतिविधियों के लिए सामुदायिक हॉल, बैंक्वेट हॉल और सम्मेलन केंद्र खोले जा सकते हैं।

भोजन सेवाएँ

रेस्तरां, पब, बार, लाउंज और कैफे केवल टेकआउट, कर्बसाइड पिकअप और डिलीवरी के लिए ही खोले जा सकते हैं। अन्य व्यक्तिगत सेवाओं की अनुमति नहीं है, जिसमें पेटियो में बैठकर भोजन करना शामिल है।

रिटेल सेवाएँ

सभी रिटेल सेवाओं और शॉपिंग मॉलों के लिए सेवार्थियों की संख्या निम्नलिखित सीमाओं के अनुरूप कम करना अनिवार्य है, जिसमें कर्मचारी शामिल नहीं हैं:

- ऊँचे मामले वाले क्षेत्रों में अग्नि संहिता उपस्थिति का 10%
- कम मामले वाले क्षेत्रों में अग्नि संहिता उपस्थिति का 15%

स्वास्थ्य और व्यावसायिक सेवाएँ

स्वास्थ्य और व्यावसायिक सेवाएँ केवल एक-के-साथ-एक सेवाओं के लिए एपॉइंटमेंट देकर ही खोली जा सकती हैं। जनस्वास्थ्य और संबंधित उद्यम-क्षेत्र के सभी दिशा-निर्देशों का पालन किया जाना चाहिए। इनके उदाहरणों में डेंटिस्ट, ऑप्टोमेट्रिस्ट, थेरेपिस्ट, एक्यूपंक्चरिस्ट, वकील और एकाउंटेंट शामिल हैं।

व्यक्तिगत और कुशलता सेवाएँ

ऊँचे मामले वाले क्षेत्रों में व्यक्तिगत और कुशलता सेवाओं को पूरी तरह से बंद करना अनिवार्य है। कम मामलों वाले क्षेत्रों में इन्हें केवल एपॉइंटमेंट से ही खोला जा सकता है।
इनके उदाहरणों में बालों और नाखून सैलून, टैटू पार्लर और एस्थेटिक सेवाएँ शामिल हैं।

प्रदर्शन, खेल और शारीरिक गतिविधियाँ

इनडोर गतिविधियाँ

- पूरे प्रांत-भर में सभी इनडोर खेल, मनोरंजन और प्रदर्शन गतिविधियों पर निषेध है।
- सभी इनडोर फिटनेस सुविधाएँ बंद करना अनिवार्य है (इसमें एक-के साथ-एक प्रशिक्षण भी शामिल है)।

आउटडोर गतिविधियाँ

- मामलों की अधिक संख्या वाले क्षेत्रों में सभी आउटडोर फिटनेस, मनोरंजन और प्रदर्शन गतिविधियों का निषेध है। इसमें अपने घर-परिवार के सदस्यों अथवा यदि आप अकेले रहते/रहती हैं, तो आपके दो निकट संपर्कों के लिए अपवाद है।
- मामलों की कम संख्या वाले क्षेत्रों में सीमित आउटडोर फिटनेस, मनोरंजन और प्रदर्शन गतिविधियों की अनुमति है, जिनमें अधिकतम 10 प्रतिभागी शामिल हो सकते हैं तथा अलग-अलग घर-परिवारों के सदस्यों के बीच हर समय दो मीटर की दूरी बनाए रखना अनिवार्य है।

©2018 एल्बर्टा सरकार | प्रकाशित: मई 2021
Classification: Protected A